दिनांकः 06.02.2026
समय : 18.30 पीएम
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा–पे–चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से अपनी परीक्षा की तैयारी के तरीक़े पर पूरा भरोसा रखने को कहा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नागौर ज़िले के लिए 529 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की।
- रिज़र्व बैंक ने रेपो दर को मौजूदा 5 दशमलव दो–पांच प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया।
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत राज्य स्तरीय प्रदर्शनी और व्यापार मेला कल से जयपुर में।

......................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों के साथ अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के दौरान छात्रों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में, प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर छात्रों को संबोधित किया। श्री मोदी ने छात्रों को अपने स्वयं के अनूठे शिक्षण तरीकों पर भरोसा रखने की सलाह दी। श्री मोदी ने छात्रों से शिक्षकों, अभिभावकों और मार्गदर्शकों द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान से सुनने और उन्हें गहराई से समझने पर जोर दिया। श्री मोदी ने छात्रों को तैयारी के गलत तरीकों, जैसे कि मार्गदर्शक पुस्तकों, महत्वपूर्ण प्रश्नों की पुस्तकों या प्रश्न बैंकों पर निर्भर न रहने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन को आकार देने का माध्यम है, जबकि परीक्षाएं केवल स्वयं का मूल्यांकन करने का एक तरीका हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम लक्ष्य केवल अंक नहीं, बल्कि जीवन का संपूर्ण विकास होना चाहिए।

............................

प्रधानमंत्री ने यह कहकर अपनी बात समाप्त की कि सच्चा आत्मविश्वास स्वयं के प्रति ईमानदार रहने से आता है। उन्होंने छात्रों से बड़े सपने देखने, कम डरने और जीवनियों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को स्कूलों में दिखाया गया। छात्र–छात्राओं ने इस कार्यक्रम को देखने के बाद अपने विचार साझा किये।

.........................

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि 'परीक्षा पे चर्चा' विभिन्न आयु वर्ग के करोड़ों छात्रों को प्रेरित करती है।

नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है, उन्हें अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है और इससे छात्रों को सर्वांगीण विकास की ओर मार्गदर्शन मिलता है।

...........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज नागौर ज़िले के लिए 529 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की। आज जिले के लाडनूं में ग्राम उत्थान शिविर में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और सरकार चाहती है कि किसान पूरी तरह आत्मनिर्भर बने, गांवों से युवाओं का पलायन रुके, और गांवों में बिजली–पानी की सुचारू आपूर्ति हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी जी रामजी योजना के तहत स्थायी कार्य होगें और उससे मजदूरों को मजदूरी सीधे मिलेगी, बीच में कोई दलाल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 15 हजार से ज्यादा ग्राम उत्थान शिविर लगाए जा चुके हैं, इनके माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंचाया जा रहा है।

..........................

इस बीच डीग ज़िले में चल रहे ग्राम उत्थान शिविरों की आज प्रभारी सचिव और संभागीय आयुक्त नलिनि कठोतिया ने समीक्षा की। अलवर में जिला कलेक्टर आर्तिका शुक्ला ने राजगढ़ तहसील के

ढिगावड़ा में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। कोटपूतल–बहरोड़ में दांतिल में कृषक साथी सहायता योजना में वित्तीय सहायता राशि दी गई।

.......................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज लाडनूं में जैन विश्व भारती परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि जैन धर्म केवल एक पंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पूर्ण कला है। उन्होंने जैन विश्व भारती द्वारा शिक्षा और मानवीय मूल्यों के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना की। इस कार्यक्रम में आचार्य महाश्रमण भी मौजूद थे।

.......................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रीय कैडेट कोर –एनसीसी को विद्यार्थी जीवन को गढ़ने वाला संगठन बताया है। वे आज लोकभवन में दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड से लौटे एनसीसी कैडेट्स के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी युवाओं में चरित्र निर्माण के साथ सेवा और एकता की भावना जगाता है। समारोह में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने एनसीसी को सशक्त भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया। राज्यपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया और उपहार भेंट किए। इस दौरान कैडेट्स ने राजस्थान की लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम पेश किया जिसमें बैंड धुनें भी शामिल रहीं।

.......................

भारतीय रिज़र्व बैंक–आर.बी.आई. ने रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। इसे मौजूदा पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत पर बनाये रखने का निर्णय लिया गया है। चालू वित्त वर्ष के लिए छठी और अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ये जानकारी दी। आर.बी.आई. ने वर्ष 2026–27 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वृद्धि के अनुमानों को संशोधित करते हुए 6 दशमलव 9 प्रतिशत और दूसरी तिमाही के लिए सात प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने अनाधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की देयता को सीमित करने के मसौदा दिशा निर्देश जारी करने का प्रस्ताव रखा है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि इन दिशा–निर्देशों के अंतर्गत छोटी रकम के धोखाधड़ी वाले लेनदेन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25 हजार रुपये तक का मुआवजा देने के लिये योजना बनाई जा रही है।

....................

देश में अब तक कुल आठ करोड़ 47 लाख से अधिक किसान पहचान पत्र जारी किए जा चुके हैं। वर्ष 2026–27 तक ग्यारह करोड़ किसानों के लिए किसान पहचान पत्र जारी करने का लक्ष्य रखा गया है। आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि वर्तमान में 19 राज्यों में किसान पहचान पत्र जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो करोड़ 90 लाख किसानों को राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल से जोड़ा जा चुका है।
श्री चौहान ने कहा कि कृषि को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग कर रही है।

.........................

जयपुर के जेईसीसी में चल रहे इंडिया स्टोनमार्ट में आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आर्किटेक्चर फेस्टिवल का उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान का पत्थर पूरे संसार में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि यहां का पत्थर मशहूर इमारतों में भी बहुतायत से इस्तेमाल हो रहा है जिस पर सभी को गर्व है।

.......................

स्टोन मार्ट में राज्य के खान और भू–विज्ञान विभाग का पेवेलियन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने पेवेलियन का अवलोकन कर प्रदेश की खनिज संपदा के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने बताया कि राजस्थान में सोना, चांदी और कच्चे तेल से लेकर दुर्लभ खनिजों के प्रचुर भंडार उपलब्ध हैं। पेवेलियन में राज्य में पाए जाने वाले सभी 57 खनिजों और 40 प्रकार के पत्थरों के नमूने प्रदर्शित किए गए हैं।

....................

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत जयपुर में कल से राज्य स्तरीय प्रदर्शनी और व्यापार मेला शुरू हो रहा है। जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में होने वाले इस आयोजन में लाभार्थियों को मार्केटिंग और ब्रॉडिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस प्रदर्शनी में विश्वकर्मा लाभार्थियों द्वारा सौ स्टॉल्स पर विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में दूसर अग्रणी राज्य है। विश्वकर्मा लाभार्थियों को ऋण देने और टूल किट वितरण में भी राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है।

......................

भारतीय मानक ब्यूरो के जयपुर कार्यालय ने सब्जी काटने वाले चाकू के लिए देश का पहला बीआईएस लाइसेंस प्रदान किया है। ब्यूरो की निदेशक कनिका कालिया ने बताया कि यह लाइसेंस अलवर जिले के नीमराना स्थित एक निजी कंपनी को दिया गया है। देश में इस उत्पाद के लिए गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस लाइसेंस के तहत चाकू की मजबूती, धार, लचीलेपन और जंग रोधी क्षमता की जांच के लिए कई कड़े परीक्षण किए गए।

.......................